# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 95, दिनांक 17–04–2023

### आज दिनांक 17-04-2023 को UPSSSC द्वारा आयोजित वन रक्षक चयन परीक्षा में भाग लेते समय सॉल्वर गैंग का गैंग लीडर व परीक्षार्थी गिरफ्तार।

आज दिनांक 17–04–2023 एसटीएफ उ0प्र0 को UPSSSC द्वारा आयोजित वन रक्षक चयन परीक्षा में चयन के पश्चात् दौड़ तथा शारिरीक दक्षता परीक्षा में भाग लेते समय परीक्षार्थी तथा गैंग लीडर को परीक्षा केन्द्र से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

1. विकास कुमार पुत्र चतुर सिंह निवासी अनर्दा गढ़ी पोस्ट–रामपुर थाना नौझील जनपद मथुरा। (साल्वर)
2. उमेश कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी ग्रा0 मैना मौजपुर खुर्जा थाना खुर्जा जनपद बुलंदशहर। (गैंग लीडर)

**बरामदगीः–**

1– 01 अदद चेक लिस्ट।
2– 01 अदद कूटरचित प्रवेश–पत्र।
3– 01 अदद कूटरचित आधार कार्ड।
4– 02 अदद आधार कार्ड।
5– 01 अदद एटीएम कार्ड।
6– 1550 रूपये नगद।

**गिरफ्तारी का स्थान/समयः–**

गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज कुर्सी रोड थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ। दिनांक 17–04–2023 समय 14.10 बजे।

UPSSSC द्वारा आयोजित वन रक्षक चयन परीक्षा में चयन के पश्चात् शारिरीक मानक परीक्षा एवं दौड विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होना प्रस्तावित थी। इस परीक्षा में सॉल्वर गैंग के सक्रिय होने की गोपनीय सूचनायें प्राप्त हो रही थी। उक्त परीक्षा को सकुशल एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त क्रम में श्री अवनीश्वर चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 मुख्यालय के पर्यवेक्षण में भी कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान आज दिनांक 17–04–2023 को विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज कुर्सी रोड थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ में सॉल्वर गैंग का सक्रिय सदस्य/परीक्षार्थी विकास कुमार परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षा देने गया है। उक्त सूचना के क्रम में उपनिरीक्षक पवन सिंह के नेतृत्व में एस0टी0एफ0 मुख्यालय की टीम द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र के PA अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उदय सिंह एवं नियुक्त किये गये PTI से सम्पर्क कर परीक्षा दे रहे उक्त साल्वर तथा गैंग लीडर को परीक्षा देते हुए गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उमेश उपरोक्त साल्वर गैग का लीडर है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर बैठाने का काम पिछले 08 वर्षों से कर रहा है। दिनांक 17–04–2023 को आयोजित वन रक्षक हेतु आयोजित शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा (दौड़) में लोकेश के स्थान पर विकास कुमार को साल्वर के रूप में परीक्षा केन्द्र पर बैठाया था एवं अपने परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़ा था।

उल्लेखनीय है कि साल्वर विकास कुमार वर्ष 2022 में उपनिरीक्षक पद पर चयनित होकर जनपद सुलतानपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध जनपद लखनऊ के थाना गुडम्बा में मु0अ0सं0 141/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कराया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।